राजभाषा संबंधी कालक्रम

- दिनांक **14** सितम्बर, **1949** को संविधान सभा द्‌वारा हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया ।
- दिनांक **26** जनवरी,1950 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में को कब लागू किया गया ।
- वर्ष 1952 में अहिंदी भाषी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिंदी शिक्षण योजना लागू की गई ।
- वर्ष 1955 में बी. जी. खैर की अध्यक्षता में राजभाषा आयोग का गठन किया गया गया ।
- वर्ष 1957 में राजभाषा आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए जी. बी. पंत की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया।
- वर्ष 1960 में संसदीय राजभाषा समिति की सिफाशि पर राष्ट्रपति द्‌वारा आदेश जारी किए गए ।
- वर्ष 1961 में वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन किया गया ।
- वर्ष 1963 में राजभाषा अधिनियम पारित किया गया । इस अधिनियम में 09 धाराएं है ।
- वर्ष 1965 में राजभाषा अधिनियम की धारा 3 लागू की गई ।
- वर्ष 1967 में माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय हिंदी समिति का गठन किया गया ।
- वर्ष 1967 में सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया ।
- वर्ष 1967 में राजभाषा संकल्प पारित किया गया जिसे सरकार द्‌वारा वर्ष 1968 में अधिसूचित किया गया ।
- वर्ष 1968-69 में केंद्र सरकार के कार्यालयों के लिए राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम जारी किया गया ।
- वर्ष 1971 में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरों का गठन किया गया ।
- जून 1975 में गृह मंत्रालय के अधीन राजभाषा विभाग का गठन किया गया ।
- वर्ष 1975 में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में आयोजित किया गया ।
- वर्ष 1976 में राजभाषा नियम पारित किए गए। इसमें 12 नियम है ।
- वर्ष 1976 में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के गठन का प्रावधान किया गया ।
- वर्ष 1976 में में माननीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया ।
- संसदीय राजभाषा समिति की तीन निरीक्षण उप समितियां है । रेल मंत्रालय दूसरी उप समिति के अंतर्गत आता है ।
- वर्ष 1977 में केंद्र सरकार के कार्यालयों में नाम / पदनाम / सूचना / दिशा संकेतकों के बारे में नीति निर्धारित की गई ।
- वर्ष 1982 में रेल मंत्रालय द्‌वारा विभागीय परीक्षाओं में राजभाषा नीति /नियम शामिल करने का प्रावधान किया गया ।
- वर्ष 1985 में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई ।
- वर्ष 1988 में संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति द्‌वारा आदेश जारी किया गया ।
- अब तक संसदीय राजभाषा समिति के 9 प्रतिवेदनों पर राष्ट्रपति द्‌वारा आदेश जारी किए जा चुके है ।
- वर्ष 1992 में मणिपुरी, नेपाली और कोंकणी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया ।
- वर्ष 1999 में सरकार द्‌वारा राजभाषा की स्वर्ण जयंती मनाई गई ।
- वर्ष 2003 में बोडो, मैथिली, संथाली और डोगरी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया ।
- संविधान की आठवीं अनुसूची में मूल रूप से 14 भाषाओं को शामिल किया गया ।
- वर्तमान में संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं है ।
- वर्ष 2006 में भारत सरकार द्‌वारा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया ।

****